प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 13.09.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—

1— मुख्यमंत्री ने कलेक्टर—एसपी कान्फ्रेंस के दूसरे दिन कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की—कहा कि अपराधियों के मन में कानून का भय होने के साथ ही पीड़ितों को त्वरित न्याय मिलना चाहिए।

2— प्रदेश में पहली बार बलौदाबाजार तहसील में शुरू हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे।

3— छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा वर्ष दो हजार चौबीस के परिणाम घोषित कर दिए हैं।

4— सोलह सितंबर से प्रदेश में एक बार फिर वर्षा की गतिविधि बढ़ने की संभावना।

.............................................................

कलेक्टर/एसपी—कॉन्फ्रेंस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर में कलेक्टर—एसपी कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक आपसी समन्वय से काम करें। उन्होंने कहा कि अपराधियों के मन में कानून का भय हो और पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले। आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रहे और बेवजह किसी नागरिक को परेशान न किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस का व्यवहार आम नागरिकों के प्रति मित्रवत हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नए सिरे से सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है, इससे अपराध को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में गौ–तस्करी और नशाखोरी एक बड़ी समस्या है, ऐसे मामलों पर कड़ाई से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध शराब का परिवहन और बिक्री, जुआ–सट्टा और गांजा की तस्करी को रोकने के लिए अभियान चलाकर दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध शराब बिक्री पूरी तरह बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि में धोखाधड़ी के मामले भी सामने आ रहे हैं, जिन पर त्वरित कार्यवाही की जाए।

मुख्यमंत्री ने बिलासपुर पुलिस रेंज में अपराधों में कमी के लिए सराहना की। तो वहीं, दुर्ग पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने रायपुर में भूमाफियाओं द्वारा शासकीय और आम नागरिकों की जमीन पर कब्जे की शिकायतों पर चिंता जताई।

............................................................

<u>राज्यपाल–सैनिक कल्याण बोर्ड</u>

राज्यपाल रमेन डेका ने सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों से शहीदों के परिजनों और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए चलायी जाने वाली योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। राजभवन में आज राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ सैनिक कल्याण बोर्ड की गतिविधियों की जानकारी ली। सैनिक कल्याण संचालनालय के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा भूतपूर्व सैनिकों और परिजनों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि सैनिक कल्याण योजनाएं, सैनिकों और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा, सम्मान और सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाई गई है, ताकि देश की सेवा के बाद पूर्व सैनिक और उनका परिवार सम्मान पूर्वक जीवन जी सके। इसलिए इन योजनाओं का संचालन अच्छे से किया जाए।

............................................................

डिजिटल–फसल सर्वे

छत्तीसगढ़ में डिजिटल क्रॉप सर्वे शुरू कर दिया गया है। इसके लिए बलौदाबाजार तहसील को चुना गया है। इस सर्वे के अंतर्गत पटवारी और राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी खेतों में जाकर डिजिटल रूप से फसल का सर्वे करेंगे। इसके लिए एक ऐप विकसित किया गया है, जिसमें खेत की स्थिति, खसरा नंबर, मालिक का नाम और फसल आदि की जानकारी अपलोड की जाएगी। इसके साथ ही सिंचित और असिंचित फसल की जानकारी भी मिल सकेगी। यह डिजिटल क्रॉप सर्वे उन्हीं गांवों में किया जाएगा, जहां जियो–रिफ्रेसिंग का द्वितीय चरण का कार्य संपादित हो चुका है। इस सर्वे के लिए पटवारी और राजस्व निरीक्षक को प्रशिक्षण दिया गया है।

..............................................................

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रदेश के वित्त विभाग ने पहली किस्त के लिए करीब दो हजार पांच सौ चौरासी करोड़ रुपए पंचायत विभाग को जारी कर दिए हैं। केंद्र सरकार से आठ लाख छियालीस हजार नौ सौ इकतीस आवास की स्वीकृति मिली है। इसके लिए केन्द्र सरकार ने लगभग एक हजार पांच सौ पचास करोड़ रुपये की राशि हितग्राहियों के लिए जारी की है, जिसमें राज्यांश के रूप में लगभग एक हजार चौंतीस करोड़ रुपये शामिल हैं। यह राशि हितग्राहियों को पहली किस्त के रूप में पन्द्रह सितंबर को उनके खातों में सीधे ट्रांसफर की जाएगी।

..............................................................

स्टार्टअप–अनुबंध

प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सुभाषचन्द्र बोस बायोटेक्नोलॉजी इंक्युबेशन सेंटर और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर के मध्य अनुबंध किया गया है। एनआईटी रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के प्रमुख डॉक्टर एन.वी. रमना राव और डॉक्टर गिरीश चंदेल ने अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत एनआईटी की टीम सुभाषचन्द्र बोस बायोटेक्नोलॉजी इन्क्यूबेशन सेंटर के स्टार्टअप को तकनीकी

सहयोग करेगी। साथ ही दोनों इनक्यूबेशन सेंटर नवाचार, उद्यमिता और इन्क्युबेशन के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जानकारी का आदान प्रदान भी करेंगे।

..............................................................

परीक्षा परिणाम–घोषित

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा वर्ष दो हजार चौबीस के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें कुल सैंतीस हजार पांच सौ अठहत्तर परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से पैंतीस हजार छह सौ सोलह विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार कुल ग्यारह हजार छह सौ नौ विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह से बत्तीस प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है।

..............................................................

केन्द्रीय राज्यमंत्री–चक्रधर समारोह

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा है कि रायगढ़ में आयोजित चक्रधर समारोह अब छत्तीसगढ़ की पहचान बन चुका है। श्री साहू ने कल चक्रधर समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह समारोह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक माध्यम भी है। इस महोत्सव ने कला और संस्कृति को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कुश्ती प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उनका उत्साहवर्धन भी किया।

गौरतलब है कि चक्रधर समारोह सोलह सितंबर तक चलेगा। इसमें प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा कला, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। समारोह के अंतर्गत दो दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

..............................................................

उपमुख्यमंत्री–अमेरिका

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अमेरिका के अपने अध्ययन प्रवास के दौरान कल न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के सामान्य सभा कक्ष, सुरक्षा समिति कक्ष इत्यादि जगहों का भ्रमण कर संघ की कार्यप्रणाली को समझा। अध्ययन दौरे पर साथ गए लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉक्टर कमलप्रीत सिंह भी उनके साथ मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री श्री साव न्यूजर्सी में आयोजित एक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने इस कार्यक्रम में देश के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यटन, पौराणिक मान्यताओं और संसाधनों के बारे में बात की।

...........................................................

बलौदाबाजार–हत्या

बलौदाबाजार जिले के कसडोल स्थित छरछेद गांव में कल एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया आरोपियों ने जादू–टोना के शक में दो महिला, एक पुरूष और एक नवजात बच्चे की हत्या की है। पुलिस ने संदेह के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कसडोल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

...........................................................

एसीबी–गिरफ्तार

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने कल पांच कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने महासमुंद जिले के सरायपाली में पदस्थ उप पंजीयक लिली पुष्पलता बैग को छब्बीस हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। वहीं, रायगढ़ के खम्हार शासकीय शाला के लिपिक को पच्चीस हजार रूपए रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा। एक अन्य कार्रवाई में एसीबी ने गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले के पेण्ड्रा जनपद पंचायत के लोकपाल को पच्चीस हजार रूपए और कबीरधाम के बोडला में जनपद पंचायत के सहायक लेखाधिकारी को एक लाख रूपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है।

..............................................................

स्वच्छता अभियान–वेब पोर्टल

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने विशेष स्वच्छता अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए समर्पित वेब पोर्टल लॉन्च किया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाना है। सरकार ने प्रति वर्ष दो से इकतीस अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

..............................................................

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार राष्ट्रीय पोषण माह पर महिला और बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक दिलदार सिंह मरावी से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल चौदह सितंबर को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

..............................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल..

मौसम विभाग के अनुसार सोलह, सत्रह और अट्ठारह सितंबर को प्रदेश में वर्षा की गतिविधि बढ़ने के संकेत है। वहीं, कल एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

..............................................................

खाद्य पदार्थ–निर्देश

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को त्योहारो के दौरान मिलावटी मिठाई और दुग्ध उत्पाद बनाने तथा बेचने वालों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण ने अपने आदेश में कहा है कि इन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए समय–समय पर जांच भी की जानी चाहिए। प्राधिकरण ने सुझाव दिया है कि जहां खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा जांच के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स जैसे वैन उपलबध हैं, उन्हें प्रमुख बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तैनात किया जाना चाहिए।

..............................................................

संक्षिप्त समाचार
और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– राज्य सरकार ने वाणिज्य कर (पंजीयन) विभाग के साठ वरिष्ठ उप पंजीयकों और उप पंजीयकों का तबादला आदेश जारी किया है। वहीं, उनचास तहसीलदारों का भी तबादला आदेश जारी किया गया है।

– बस्तर वनमण्डल में वन विभाग द्वारा अलग–अलग परिक्षेत्रों में लकड़ी के अवैध परिवहन में संलिप्त विभिन्न प्रकार के सात वाहनों को राजसात किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>